हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त 2025

11 कॉलेज में नशे के खिलाफ लगाया पौधा



12 जाखोदा में जलभराव के साथ बिजली संकट गहराया



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में ऑन दी स्पॉट दाखिले 30 तक

**बहादुरगढ़।** औद्योगिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने रिक्त सीटों पर ऑन दी स्पॉट दाखिले की प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 30 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्रधानाचार्या मायमंती ने बताया कि महिलाओं के लिए संस्थान में संचालित सभी व्यवसायों में स्वरोजगार और रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध हैं। यहां कढ़ाई, कॉस्मेटोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, फैशन डिज़ाइन, सिलाई तकनीकी, कोपा और इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक जैसे कोर्स की सीटें खाली हैं। दाखिले की नोडल अधिकारी सुदेश कुमारी ने बताया कि फॉर्म भरने की सुविधा संस्थान में निःशुल्क उपलब्ध है। रिक्त सीटों की सूची विभाग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी और नए आवेदन ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।

### शादी के दो सप्ताह बाद ही विवाहिता लापता

**बहादुरगढ़।** शादी के दो सप्ताह बाद ही एक नव विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कुछ अता-पता नहीं है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। दरअसल, गत तीन जुलाई को मांडोठी के निवासी एक युवक की शादी बनारस की महक के साथ हुई थी। दो सप्ताह बाद 17 जुलाई को वह घर से बाहर गई लेकिन वापस नहीं आई। जब काफी देर तक वह नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश कर चुके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला से दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में मकान में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ये गंभीर आरोपी महिला ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चीज दिलाने के बहाने बच्चे के साथ गलत काम

**बहादुरगढ़।** शहर में एक मासूम के साथ गलत काम करने का मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर आरोप है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित बच्चे की उम्र करीब दस वर्ष बताई जा रही है। सामने आया कि हाल ही में आरोपी युवक बच्चे को चीज दिलाने के बहाने अपने कमरे में ले गया और उसके साथ अनैतिक कार्य किया। इतना ही नहीं, आरोपी ने बच्चे को डराया-धमकाया और कहा कि अगर उसने किसी को बताया तो जान से मार देगा। डरे-सहमे बच्चे ने घर आकर परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिवार ने तुरंत पुलिस को शिकायत दी।

### कर्मचारी पर कंपनी में चोरी करने का आरोप

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद स्थित एक कंपनी में चोरी हो गई। कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी पर ही वारदात को अंजाम देने का आरोप है। आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात कुछ दिन पुरानी है लेकिन जांच व सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता रवींद्र ने कहा है कि उनकी कंपनी डायनामाइक की एक ब्रांच यहां रोहद में है। हाल ही में हमने कंपनी में आकर जांच की तो कुछ सामान कम मिला। इसके बाद हमने सीसीटीवी चेक किए। इस दौरान कंपनी में काम करने वाला त्रिवेणी सामान उठाकर बैग में डालता दिखाई दिया। उसी ने यह वारदात की है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### महराना के पास हादसा : दोनों बसें बहादुरगढ़ से बेरी आ रही थी, घायल पीजीआई रेफर

# रोडवेज व निजी बस की टक्कर में नौ यात्री घायल, चार की हालत गंभीर

**हादसे के बाद अफरातफरी मची दो घायलों को उपचार के बाद छुट्टी मिली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


क्षेत्र के गांव महराना के नजदीक रोडवेज व निजी बस की टक्कर हो गई। शाम के समय हुई इस घटना में दोनों बसों के नौ यात्री घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए बेरी और स्थानीय नागरिक अस्पतालों में भर्ती करवाया गया, जहां से चार यात्रियों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रोहतक पीजीआईएमएस रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों बसें बहादुरगढ़ से बेरी आ रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निजी बस सवारियों को महराना बस स्टैंड पर उतारकर आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज बस के चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया और साइड से निजी बस को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बसों में अफरा-तफरी मच गई और यात्री चीखने-चिल्लाने लगे। घायलों में पाना चुल्याण बेरी निवासी राकेश, दूबलधन निवासी सोनू व चांद, वजीरपुर निवासी टिंकू, ढराणा निवासी रेणू तथा निजी बस चालक रवि शामिल हैं। इनमें से राकेश को बेरी अस्पताल से रोहतक पीजीआईएमएस रेफर किया गया। वहीं झज्जर नागरिक अस्पताल में भर्ती पिंकी और बिजेंद्र को भी गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक के पीजीआई भेजा गया।

**ऐसे हुआ हादसा**

- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निजी बस सवारियों को महराना बस स्टैंड पर उतारकर आगे बढ़ रही थी
- इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज बस के चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया और साइड से निजी बस को टक्कर मार दी
- टक्कर लगते ही दोनों बसों में अफरा-तफरी मच गई और यात्री डर के मारे चीखने-चिल्लाने लगे




## कार की टक्कर से खंभा टूटा, ट्रांसफार्मर गिरने से कार क्षतिग्रस्त




### हादसे में कार चालक घायल

**झज्जर।** रविवार की रात शहर के कोसली रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बिजली के खंभों में टक्कर मार दी। जिस कारण खंभों पर रखा बिजली ट्रांसफर कार पर जा गिरा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में चालक सीट पर लगा एयरबैग भी खुल गया। रात करीब दो बजे हुई इस घटना के बाद क्षेत्र की बिजली भी गुल हो गई। कालोनीवासियों ने बताया कि सुबह उन्हें जब कार पर पड़ा ट्रांसफार्मर देखा तो उन्हें घटना का पता चला। कुछ लोगों ने बताया कार में एक व्यक्ति था जिसे चोटें आई। उसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया था। सोमवार को बिजली कर्मचारियों द्वारा नए खंभे स्थापित कर ट्रांसफर रखवाया गया।

**कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में हुई बैठक में चर्चा**

# जीएसटी दरों में बदलाव का उद्यमियों ने किया स्वागत




**बहादुरगढ़।** बैठक में जीएसटी दरों पर चर्चा करते कोबी पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में हुई बैठक में जीएसटी की नए दरों के बारे में चर्चा की गई। केंद्र सरकार ने कई उत्पादों पर लागू 12 और 28 प्रतिशत जीएसटी दरों को समाप्त करने की घोषणा की है। कोबी पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए जीएसटी 2.0 प्रस्ताव का स्वागत और समर्थन किया। साथ ही इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, तिलक राज गर्ग, रवि चमरिया, नवल गर्ग, राजेश गर्ग, गणेश गुप्ता, अमृत गोयल व दीपक साहनी आदि उपस्थित रहे। उनके अनुसार यह बदलाव उद्योग जगत के लिए राहतकारी और प्रोत्साहन देने वाला साबित होगा।

**टैक्स स्ट्रक्चर सरल होने से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा**

कच्चे माल और तैयार माल पर अलग-अलग जीएसटी दरें लागू होने के कारण उद्योग जगत को नुकसान झेलना पड़ता था। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के अनुसार जीएसटी दरों के स्लैब कम होने से इस समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा। टैक्स स्ट्रक्चर सरल और संतुलित होगा तो स्थानीय उद्योगों की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ेगी। साथ ही जटिलताओं में कमी आने की संभावना है। ऐसे सुधार उद्योग जगत को दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करेंगे। ऐसे निर्णय से उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

# एचटेट के 1456 अभ्यर्थियों ने करवाई बायोमेट्रिक

**पीएमश्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रक्रिया, आज भी शिविर लगेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचटेट परीक्षा के संबंध में हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा भेजी गई अभ्यर्थियों की सूची के अनुसार स्थानीय पीएमश्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूर्ण की गई। बायोमेट्रिक के लिए शिक्षा बोर्ड भिवानी से कर्मजीत कादियान व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अनिल कुमार व कुलदीप गुरान ने सहयोग किया। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे से शाम करीब साढ़े पांच बजे तक शांतिपूर्ण माहौल में चली इस प्रक्रिया में जिले के 1456 अभ्यर्थियों ने बायोमेट्रिक कराई। इनमें सात अभ्यर्थी ऐसे मिले जिनकी बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई। कुलदीप गुरान ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रक्रिया के चलते जो अभ्यर्थी सोमवार को वंचित रह गए वे मंगलवार को स्कूल पहुंच कर अपनी बायोमैट्रिक करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अभ्यार्थियों का पूरा सहयोग कर रहे है।



**झज्जर।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बायोमेट्रिक कराते हुए अभ्यर्थी। फोटो : हरिभूमि

### बरसात व गूगल ने किया परेशान

बायोमेट्रिक प्रक्रिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को गूगल मैप व बरसात के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात के कारण रास्तों में हुए जलभराव के कारण जहां अभ्यर्थियों को घूम कर पहुंचना पड़ा वहीं गूगल मैप ने भी भावी शिक्षकों के चक्कर कटाए। दूर-दराज के गांवों में रहने वाले अभ्यर्थी गूगल मैप पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक की तलाश करते रहे वह उन्हें निकटवर्ती गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की जानकारी देता रहा। ऐसे में कई अभ्यर्थी शहीद रमेश कुमार मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बायोमेट्रिक के संबंध में जानकारी लेते हुए नजर आए।

### लुहारी में अवैध कॉलोनी काटने मामले में प्रशासन ने की कार्रवाई

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि लुहारी गांव में बगैर लाइसेंस व तय प्रक्रिया पूरी किए अवैध कॉलोनी काटे जाने के मामले को संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि गांव लुहारी के किला नंबर 83//16/1, 25/2 में भू-माफियाओं द्वारा सड़कें बनाकर और नक्शा दिखाकर अवैध कॉलोनी का विज्ञापन करने पर उक्त खसरा नंबरों से जुड़े किसी भी प्रकार के सेल-डीड, एग्रीमेंट टू सेल, पावर ऑफ अटॉर्नी या फुल पेमेंट एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड या एग्जीक्यूट करना प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

## बारिश से दुकानों के शटर डाउन




**झज्जर।** सोमवार दिनभर रुक-रुक कर हलकी बारिश होती रही। जिसके कारण जन जीवन पूर्णतया प्रभावित रहा। लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बाजारों में दुकानों के शटरडाउन रहे। शहर में जगह-जगह जलभराव भी हो गया। ...विस्तृत समाचार पेज 12 पर

### गिरावड़ में रात्रि ठहराव एक सितंबर को



**झज्जर।** आगामी एक सितंबर को गिरावड़ गांव में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल करेंगे। गांव के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी स्वयं ग्रामीणों से संवाद करेंगे, उनकी समस्याओं को सुनेंगे और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा।

### परिवेदना समिति की बैठक 29 को

- बैठक की अध्यक्षता के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे

**झज्जर।** सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि जिले में नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं स्थायी निपटान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आगामी 29 अगस्त को लघु सचिवालय के संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि प्रत्येक प्रकरण पर आवश्यक विचार-विमर्श कर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## माजरी में भाई ने भाई पर किया जेली से हमला, फायरिंग का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव माजरी में एक व्यक्ति पर जेली से प्रहार किया गया। इतना ही नहीं, फायरिंग करने की भी बात सामने आई है। यह आरोप पीड़ित ने अपने भाई पर लगाए हैं। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माजरी के निवासी दयाचंद का कहना है कि हम तीन भाई है। हमारा एक प्लॉट गांव की फिरनी पर है। उसमें हम भाइयों ने अपना सामान रख रखा है। रविवार को मैं वहां था। तभी मेरा भाई मुझ से अलग दरवाजा लगाने के लिए कहने लगा। मैंने कहा कि हम तो इसी रास्ते का प्रयोग करेंगे। फिर वहां से चला गया। जब मैं मकान के नजदीक गली में पहुंचा तो भाई वहां जेली लेकर आया और हाथ पर वार किया। फिर अपना लाइसेंसी डोगा निकालकर दहशत फैलाने की मकसद से फायर कर दिया। एक हवाई फायर करने के बाद वह धमकी देकर चला गया। फिर पुलिस को सूचना दी गई।।




**पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया**

सूचना पाकर बादली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मुझे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

फिलहाल पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत नामजद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ पाएगी

# डीएमआरसी ने बढ़ाया किराया : मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों की जेब पर अब थोड़ा अतिरिक्त बोझ पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों की जेब पर अब थोड़ा अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने यात्री किराए में दूरी के हिसाब से एक से चार रुपये तक बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई। किराया बढ़ोतरी करने के पीछे डीएमआरसी ने तर्क दिया है कि यह संशोधन मेट्रो संचालन, रखरखाव की लागत और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किया गया है। वहीं, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर किराए में एक से पांच रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। जीरो से दो किलोमीटर तक पहले दस रुपये किराया होता था, अब 11 रुपये खर्च करने होंगे। दो से पांच किलोमीटर तक 20 की जगह अब 21 रुपये लगेंगे। वहीं पांच से 12 किलोमीटर तक 30 की जगह 32 व 12 से 21 किलोमीटर की दूरी के लिए 40 की जगह 43 रुपये किराया देना होगा। इसी तरह 32 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए सफर करने पर 60 रुपये के बजाय अब 64 रुपये किराया भरना होगा। रविवार व राष्ट्रीय अवकाश पर भी यह बढ़ोतरी लागू रहेगी।

**अब ये किराया**

- दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने यात्री किराए में दूरी के हिसाब से एक से चार रुपये तक की बढ़ोतरी की
- एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर किराए में एक से पांच रुपये तक की बढ़ोतरी
- जीरो से दो किलोमीटर तक पहले दस रुपये किराया होता था, अब 11 रुपये खर्च करने होंगे
- दो से पांच किलोमीटर तक 20 की जगह अब 21 रुपये लगेंगे
- पांच से 12 किलोमीटर तक 30 की जगह 32 व 12 से 21 किलोमीटर की दूरी के लिए 40 की जगह 43 रुपये किराया देना होगा
- 32 किमी. से अधिक दूरी के लिए सफर करने पर 60 के बजाय अब 64 रुपये किराया भरना होगा



### कर्मियों के मासिक खर्च में औसतन 200 से 400 रुपये तक की बढ़ोतरी

बहादुरगढ़ में मेट्रो के तीन स्टेशन हैं। यहां से न केवल बहादुरगढ़ बल्कि रोहतक व आसपास के इलाके के हजारों लोग रोजाना दिल्ली की ओर जाते हैं। बढ़े हुए किराये का असर साफ तौर पर इन यात्रियों को प्रभावित करेगा। रोजाना मेट्रो से सफर करने वाले दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों के मासिक खर्च में अब औसतन 200 से 400 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी। डीएमआरसी ने यात्रियों को सफर सुगम बनाने के लिए स्मार्ट कार्ड और डिजिटल भुगतान का उपयोग करने की सलाह दी है। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि भीड़ भी नियंत्रित की जा सकेगी।

हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
26 अगस्त 2025

# सहेली



आमतौर पर महिलाएं चाहे वर्किंग हों या होममेकर, खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। पति, बच्चे, सास-ससुर की देखभाल, उनकी डिमांड पूरी करने और घर-बाहर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्हें अपने लिए कुछ करने की जरूरत ही महसूस नहीं होती है। जबकि सच्चाई यह है कि मी टाइम खुद को खुश रखने का जरिया होता है और दूसरों को खुश रखने के साथ खुद को खुश रखना भी जरूरी होता है।

## बिजी रुटीन में भी जरूर निकालें मी टाइम

लाइफस्टाइल

चेतना झा

आयुषी अपनी सहेली नीलम से फोन पर बात कर रही थी। उसे लगा कि नीलम कुछ सुस्त है। उसने पूछा, 'नीलम तू बीमार है क्या?' इस पर नीलम बोली, 'नहीं यार, सुबह से शाम तक इतना काम रहता है कि शाम तक लो फील होने लगता है।' आयुषी ने सलाह दी, 'तू कुछ देर सुबह या शाम 'मी टाइम' में एक्सरसाइज या मेडिटेशन किया कर या अपनी हॉबी पूरी किया कर, इससे फ्रेश-एनर्जेटिक फील करेगी।' इस पर नीलम ने मायूसी से कहा, 'सुबह सांस लेने की तो फुर्सत नहीं मिलती। राजू का ब्रेकफास्ट बनाना, अपना और इनका (पति) लंच रेडी करना। जल्दी-जल्दी काम निपटाना फिर ऑफिस के लिए भागना। शाम को फिर राजू को होमवर्क कराना, पेंडिंग काम करना, डिनर बनाना कैसे मिलेगा मी टाइम?' ये बातें आपको भी अपनी सी ही लग रही होंगी। जॉब, घर के काम, बच्चे की पढ़ाई, घर-बाहर की जिम्मेदारियां, सुबह आंख खुलने से रात बेड पर सोने तक इन्हीं सब में तो उलझी रह जाती हैं आप। डेड लाइन, टार्गेट, अचीवमेंट, घर की व्यवस्था, बच्चों की परीक्षाएं, उनका करियर, परिजनों की हेल्थ, इन सबके बीच कहीं आपका अपना कुछ छूट तो नहीं रहा। कभी एकांत के पलों में पूछिए खुद से कि पूरे दिन, सप्ताह या महीने में कितना पल होता है आपका 'मी टाइम?' कब आप बिताती हैं फुर्सत के पल केवल अपने लिए? कितनी बार आप कर पाती हैं अपनी पसंद का काम, जिससे मिलती है आपको खुशी, संतुष्टि?



**क्या है मी टाइम:** वास्तव में मी टाइम हमारा रिचार्जर है। हमारी बैट्री को रिचार्ज करता है। एक खुली हवादार खिड़की की तरह होता है मी टाइम, जो भीतर की थकान और डलनेस को बाहर निकाल हमें ताजगी से भर देता है। जिम्मेदारियों में उलझे हमारे वजूद पर से धूल झाड़ हमारी ही मुलाकात हमसे कराता है।

**फायदे हैं कई:** मनोवैज्ञानिक भी मी टाइम को मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के लिए काफी लाभदायक मानते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे हम खुद को लेकर किसी उधेड़बुन से मुक्त रहते हैं। यह हमारे दिमाग को तरोताजा करता है। मनोवैज्ञानिक सुप्रिया गोयल कहती हैं, 'इससे एकाग्रता बढ़ती है। हम अधिक तार्किक बनते हैं। घर-बाहर बेहतर तरीके से समायोजित हो पाते हैं। खुश रहते हैं और हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का भरपूर प्रवाह होता है।'



**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका स्थित मिशिगन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च रिपोर्ट को माने तो विवाहित जीवन की असफलता में मी टाइम या प्राइवेसी में कमी की भूमिका सेक्स संबंध से भी बड़ी होती है। इसी शोध के मुताबिक 29 प्रतिशत कपल्स ने शिकायत दर्ज की कि उनके जीवन साथी की ओर से उन्हें पर्याप्त मी टाइम या प्राइवेसी नहीं दी जाती। यूनिवर्सिटी शोध में तो यह भी जाहिर हुआ कि मी टाइम निकालने में पुरुषों की हिस्सेदारी अधिक है।

**ऐसे निकलेगा वक्त:** मी टाइम निकालने के लिए प्रयास तो आपको ही करने होंगे। क्यों न नियत समय से आधे घंटे पहले सुबह उठ जाएं और काम से पहले मी टाइम जीकर, रिचार्ज हो जाएं! मोबाइल, टीवी जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना भी मी टाइम के लिए जरूरी है। मी टाइम के लिए किसी तरह की हिचक या अपराध भाव नहीं पालें। जरूरत पड़े तो घर में सबको बता भी दें कि आप अपने लिए जरूरी काम कर रही हैं, इसलिए इस दौरान कोई आपको डिस्टर्ब न करे।

इस तरह जब आप सीरियसली मी टाइम निकालेंगी तो आपको न केवल खुशी, संतुष्टि मिलेगी बल्कि आप अपने सभी काम बेहतर ढंग से अंजाम भी दे पाएंगी।

### मी टाइम में करें कुछ ऐसा

**कुछ महिलाएं** पूछती हैं, मी टाइम में हम करें तो क्या करें? इस सवाल का जवाब तो आपका दिल ही बेहतर बता सकता है। ईमानदारी से दिल की सुनें तो आपको जवाब मिलेगा कि इस दौरान आप क्या कर सकती हैं? मी टाइम पर अपनी किताब 'टाइम फॉर मी:365 डेली स्ट्रेटेजीस फॉर अ मदर्स सेल्फ केयर' की राइटर मिया रेडरिक ने कई सुझाव दिए हैं। रेडरिक के मुताबिक, 'जब आप अपने बच्चों के लिए हेल्दी नाश्ता तैयार करती हैं, तब खुद के लिए भी कुछ हेल्दी स्नैक्स तैयार करना या पैक करना आपका मी टाइम है। बेटी को क्लासिकल डांस सीखाने ले जा रही हैं तो क्लास खत्म होने के इंतजार की बजाय खुद भी अपने फेवरेट डांस के स्टेप सीख लें, तो यह आपका खुद का पल होगा। फेवरेट नॉवेल पढ़ना, पसंदीदा गाना सुनना, मैग्जीन पलटना, टीवी देखना, वर्कआउट करना या सहेलियों से बातचीत करना भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्लर जाना, डायरी लिखना या कहीं घूमने जाना... यह तो आपको ही तय करना होगा कि आप अपने मी टाइम में क्या करना चाहेंगी?'



## बच्चों को ऐसे सिखाएं गुड मैनर्स

बच्चों से हम बहुत उम्मीद करते हैं कि उनके भीतर गुड मैनर्स हों, लेकिन इसके लिए हम बच्चों के सामने कैसे आदर्श रखते हैं, उनको किस तरह से ट्रीट करते हैं? साथ ही हमारा व्यवहार उनके प्रति कैसा होता है, ये बातें बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए बहुत मायने रखती हैं।

बच्चे और आप

अंजू जैन



हर पैरेंट की चाहत होती है, उसका बच्चा एक शिष्ट, जिम्मेदार, समझदार और कामयाब इंसान बने। इसके लिए बच्चों को अच्छी आदतें सिखाना जितना आसान है, उतना ही कठिन भी है। अगर आप सही तरीका अपनाएं तो बच्चों को आसानी से अच्छे मैनर्स सिखा सकती हैं, उनका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा-

**बच्चों से गर्म जोशी से मिलें:** जब भी आपका बच्चा स्कूल से लौटे या स्कूल जा रहा हो या फिर आप बाहर से घर आई हों तो उससे गर्मजोशी के साथ मिलें। अपने चेहरे पर मुस्कान लिए उसे हग करें, उसका मूड जानें, उसके मन की सुनें। दिन की शुरुआत और अंत उसे पुचकार कर करें। इससे बच्चे से आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी, उसे लगेगा कि वह आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। उसके मन में आपके लिए प्यार उमड़ेगा।



**लोगों के प्रति सहानुभूति रखें:** माता-पिता बच्चों को जो बातें कह कर नहीं समझा सकते या सिखा सकते, वे बातें उनके रोल मॉडल बनकर सिखा सकते हैं। बच्चों में सहानुभूति, दया, विनम्रता का भाव जगाना हो तो उन्हें पहले नरमदिल और मददगार स्वभाव का बनाना होगा। इसके लिए आप उनके सामने अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों, घर में आने वाले सेल्समैन या फिर रिक्शा चालकों और कैब ड्राइवर के साथ नरमी से पेश आएं। जरूरतमंद की मदद करें, यह देखकर बच्चे में दूसरे की मदद करने की प्रेरणा जागेगी। अभद्र भाषा में चीख कर या रौब झाड़ने वाले अंदाज में बातें बच्चों के सामने तो बिल्कुल ना करें। यह देखकर बच्चे भी इसी तरह पेश आते हैं, जो असभ्य तरीका है।

**घर के बुजुर्गों के साथ जोड़ें:** अगर घर में आपके साथ सास-ससुर यानी बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी भी रहते हैं या वे आए हुए हैं, तो बच्चों को उनके साथ खेलने, रहने, टाइम बिताने और बातें करने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ ग्रैंडपैरेंट्स को बल्कि बच्चों को भी अच्छा लगेगा। इतना ही नहीं, बच्चों में परिजनों से जुड़ने की भावना भी आएगी, वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से काफी कुछ सीखेंगे।

**कहानी-कविता पढ़ कर सुनाएं:** बच्चों को कहानी और कविताओं से काफी एंटरटेन किया जा सकता है। आप रोज बीस-पच्चीस मिनट के लिए उनके साथ बैठें, उन्हें कोई कहानी या कविता पढ़कर सुनाएं। फिर उसके बारे में कुछ सवाल पूछें। इससे बच्चों की पढ़ने में रुचि जागेगी, जनरल नॉलेज बढ़ेगी और साथ ही आप दोनों एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम भी स्पेंड कर सकेंगे।

**रुटीन फॉलो करना सिखाएं:** अनुशासन और समय प्रबंधन किसी भी व्यक्ति की जिंदगी में सफलता और सुकून के लिए बहुत जरूरी हैं। शुरू से ही बच्चों को रूटीन फॉलो करना सिखाएं। आप उनके लिए एक दिन पहले ही अगले दिन का रुटीन सेट कर दें। उन्हें बताएं कि किस वक्त उन्हें क्या करना है। साथ ही आप भी अपने रूटीन फॉलो करें और उन्हें बताएं कि आप कैसे नियत समय पर हर काम कर रही हैं।

---

हेयर केयर

ललिता गोयल

आजकल काफी महिलाएं बालों में कलर करवाना पसंद करती हैं। लेकिन कलर्ड बालों की केयर कैसे करनी चाहिए, इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। इससे बालों में रफनेस बढ़ती है। कलरिंग के बाद कैसे करें हेयर केयर, जानिए।

## कलरिंग के बाद हेयर केयर बाल दिखेंगे हेल्दी-शाइनी

हेयर कलरिंग का ट्रेंड सालों से चल रहा है। अब तो हर उम्र की महिलाएं, लड़कियां बालों को अलग लुक देने के लिए हेयर कलरिंग करा रही हैं। लेकिन बालों को कलर कराने के बाद कुछ जरूरी बातों का ख्याल भी रखना जरूरी है, नहीं तो बाल डैमेज हो सकते हैं। जानते हैं हेयर केयर के बारे में, जिससे बाल खराब नहीं होंगे और आपके बालों की नेचुरल शाइन भी बनी रहेगी।


**सही कलर चुनें:** ध्यान रखें, कलरिंग के लिए हेयर कलर अच्छी क्वालिटी का हो। कलर मॉयश्चराइजर बेस्ड हो, जिससे बालों को डैमेज होने से बचाया जा सके।



**कलरिंग का तरीका:** केमिकल बेस्ड हेयर कलर बालों को अलग-अलग तरीके से नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये जड़ों को भी डैमेज कर सकते हैं, जिससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। इससे बचने के लिए ध्यान रखें कि आप जड़ों के बजाय हेयर स्ट्रेंड्स को कलर करें।

**ऑयलिंग का तरीका बदलें:** कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि कलर करने के बाद बालों पर तेल नहीं लगाना चाहिए। जबकि यह सोचना गलत है, तेल आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ कंडीशनिंग भी करता है, इसलिए ऑयलिंग जरूर करें। लेकिन इसका तरीका बदल दें। इसके लिए कलरिंग के बाद तेल रात-भर लगाए रखने के बजाय दो या तीन घंटे के लिए लगाकर रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

**सूरज की किरणों से बचाएं:** सूरज की हानिकारक किरणें बालों को डैमेज करने का कारण बन सकती हैं। अगर आपने हेयर कलर कराया है, तो धूप में जाने से पहले बालों में सनस्क्रीन स्प्रे करना न भूलें।



**हीटिंग टूल्स इस्तेमाल न करें:** बालों को कलर करने के तुरंत बाद हीटिंग टूल्स जैसे ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे बाल ड्राई होते हैं, बालों से मॉयश्चर कम होता है और बालों का रंग बिल्कुल गायब हो जाता है। अगर ब्लो ड्राई करना जरूरी हो तो कम से कम 5 सेमी. की दूरी से ब्लो ड्राई करें। साथ ही हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते समय बालों पर हीट प्रोटेक्टर सीरम जरूर अप्लाई करें।

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** हेयर कलरिंग के बाद कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- बालों को धोने के लिए कलर प्रोटेक्टेंट सल्फर फ्री शैंपू अप्लाई करिए। कलर प्रोटेक्टेंट शैंपू से बालों में कलर लॉक हो जाता है।
- शैंपू के बाद आप बालों की हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग जरूर करें। इससे बालों में मॉयश्चर लॉक हो जाता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है। इससे बालों में कलर मेंटेन रहता है।
- हेयर कलर के बाद कम से कम तीन दिन तक बालों को नहीं धोएं, वरना आपका हेयर कलर फीका पड़ सकता है।
- हेयर कलर को सबसे अधिक नुकसान गर्म पानी पहुंचाता है। इसलिए हमेशा बालों को नॉर्मल पानी और सर्दियों में गुनगुने पानी से धोएं।

**(हेयर एक्सपर्ट सुमन सचदेव से बातचीत पर आधारित)**

---

रेसिपी

श्रुति आयंगर

## गणपति को अर्पित करें तरह-तरह के मोदक

### अमृत मोदक



**सामग्री**

चावल का आटा-1 कप, उबली चना दाल-1/2 कप, कसा हुआ गुड़-1/4 कप, इलायची पावडर-1/2 छोटा चम्मच, केसर रेशे-1/2 छोटा चम्मच, पिसी हल्दी-चुटकी भर, कटे हुए मेवे-2 छोटे चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-4 कप

**विधि**

सबसे पहले चना दाल को मैश कर लें। इसमें गुड़ मिलाकर पैन में कुछ देर पकाएं। फिर केसर, इलायची पावडर और मेवे मिलाकर 2-3 मिनट पकाकर ठंडा होने दें। एक पैन में पानी और घी डाल कर उबालें। इसमें चावल का आटा मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। थोड़ा ठंडा होने पर अच्छी तरह गूंथें। थोड़ा मिश्रण हथेली पर फैलाकर चना दाल की भरावन भरें और मोदक का आकार दें। सांचे की मदद से भी मोदक बना सकती हैं। इन मोदकों को 10-12 मिनट भाप में पकाने के बाद भोग लगाएं।

### नारियल-गुलाब मोदक



**सामग्री**

कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, मिल्क पावडर-240 ग्राम, घी-1/2 बड़ा चम्मच, रोज सिरप-1 बड़ा चम्मच, रेड फूड कलर-2-4 बूंद

**भरावन के लिए:** गुलकंद-1 बड़ा चम्मच, कसा सूखा नारियल-1 बड़ा चम्मच

**विधि**

सबसे पहले नॉन-स्टिक पैन में मिल्क पावडर, कंडेंस्ड मिल्क, घी और रोज सिरप डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं। इसे धीमी से मध्यम आंच पर चलाते हुए पकाएं। मिश्रण गाढ़ा होने तक चलाती रहें। इसके बाद फूड कलर डालकर मिला लें। इसे बाउल में निकाल लें। एक अलग बाउल में भरावन की सारी सामग्री मिलाकर स्टफिंग बना लें। मिल्क पावडर वाले मिश्रण में से थोड़ा सा मिश्रण लेकर हथेली पर फैला लें, इसमें स्टफिंग भर कर मोदक का शेप दें। पांच मिनट के लिए फ्रिज में रखें।

---

कल गणेश चतुर्थी है। कल से ही आरंभ होगा गणेशोत्सव। वैसे तो आपके घर के आस-पास सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से गणेश पूजन का आयोजन किया ही जाएगा। लेकिन अगर आप अपने घर में गणपति को प्रतिष्ठित कर पूजन करना चाहती हैं तो यहां हम आपको इसकी विधि बता रहे हैं।

## रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्री गणेशाय नमः

पूजन-विधि

आचार्य डॉ. गोविंद बल्लभ जोशी



सनातन धर्म में हर तरह की पूजा-उपासना का प्रारंभ गणपति पूजन से होता है। इसीलिए गणेश जी को प्रथम पूज्य कहा गया है। गणपति, देवताओं के अध्यक्ष हैं। इसीलिए इन्हें 'गणाध्यक्ष' भी कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुक्ल चतुर्दशी पर्यंत, द्वादश दिवसीय पूजा-अर्चना को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**ऐसे आरंभ हुआ देशव्यापी आयोजन:** गणेश चतुर्थी पर घर-घर में किए जाने वाला पूजन, वार्षिक गणेश उत्सव कैसे बना, इसके पीछे भी ऐतिहासिक घटना और ध्येय निहित रहा है। दरअसल, ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों की दासता से भारत माता को स्वतंत्र करने का संकल्प लेते हुए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने गणाधिपति के पूजन को राष्ट्रोत्सव के रूप में प्रारंभ कर भारतीय जन समुदाय में राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया था। आज यह उत्सव भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में मनाया जाता है।

**ऐसे करें गणपति स्थापना-पूजन:** सार्वजनिक पार्कों और मंडपों में विधिवत गणेश पूजन, विविध उत्सव समितियों द्वारा तो आयोजित किया ही जाता है। लेकिन अनेक श्रद्धालु अपने घर में भी गणपति को स्थापित कर यह उत्सव मनाते हैं। ऐसे में किस विधि से उनका पूजन करें, आप जरूर जानना चाहेंगी। वस्तुतः गणेश जी की पूजन विधि सर्वत्र एक समान ही होती है। इसके लिए सर्वप्रथम श्रद्धापूर्वक अपने पूजा स्थान पर गणपति की चौकी तैयार कर उसे लाल वस्त्र से आच्छादित कर लें। अब उस पर कलश स्थापित कर श्रीगणेश विग्रह (प्रतिमा) को प्रतिष्ठित करें। हाथ में रोली, चंदन, अक्षत, लाल पुष्प और दूर्वा लेकर उनका आह्वान एवं ध्यान करें। 'रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्रीगणेशाय नमः' का जाप करते हुए गणेशजी को अर्पित करें। इसके बाद आचमनी पात्र (चम्मच) में जल लेकर पाद्यं, अर्घ्य, आचमनीयं, स्नानीयम का उच्चारण करते हुए गणेश जी की प्रतिमा पर अर्पित करें। तत्पश्चात गणपति विग्रह को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर एक आचमनी जल चढ़ाएं। उसके बाद उनको वस्त्र पहनाएं। एक यज्ञोपवीत (जनेऊ) अर्पित करें। फिर गणपतिजी को तिलक करें, अक्षत चढ़ाएं और दूर्वा के बारह तिनके चढ़ाएं। इसके पश्चात धूप, दीप प्रज्ज्वलित करें। इसके बाद गणपति को नैवेद्य (प्रसाद) भोग लगाएं। गणेश जी का सबसे प्रिय भोग मोदक है, अतः दस मोदक (लड्डू) उन्हें अर्पित करें। इसके बाद पान, सुपारी, लौंग, इलायची, फल, दक्षिणा चढ़ाएं। इसके पश्चात हाथ में पुष्प, अक्षत, रोली, दूर्वा लेकर उनके द्वादश नामों का उच्चारण करें।

इस प्रकार स्तुति करते हुए गंधाक्षत, पुष्प और दूर्वा गणपति को अर्पित कर दें। फिर 'ऊँ गं गणपतये नमः' मंत्र का द्वादश (12) बार जप करें। फिर आरती, पुष्पांजलि के बाद भजन, कीर्तन से उत्सव मनाते रहें। इस प्रकार की गई गणपति की पूजा अत्यंत फलदायी होती है।

### गणपति के द्वादश नाम-मंत्र

- ॐ सुमुखाय नमः, ॐ एकदंताय नमः
- ॐ कपिलाय नमः, ॐ गजकर्णकाय नमः
- ॐ लंबोदराय नमः, ॐ विकटाय नमः
- ॐ विघ्ननाशकाय नमः, ॐ विनायकाय नमः
- ॐ धूम्रकेतवे नमः, ॐ गणाध्यक्षाय नमः
- ॐ भालचंद्राय नमः, ॐ गजाननाय नमः



## खबर संक्षेप



### मांडौठी और आसौदा में भंडारा, उमड़ी श्रद्धा

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कई धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने सबसे पहले गांव आसौदा स्थित दादा बुढ़े मंदिर में भंडारे में भाग लिया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद खेल स्टेडियम में टीन शैड लगाने की मांग पूरी करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही अपने खर्च से पहले डलवाई गई टीन शैड का उद्घाटन किया। दिनेश कौशिक ने मांडौठी गांव में आयोजित दादा बुढ़े भंडारे में भी शिरकत की।

### सीबीएसई वर्कशॉप में दिया प्रशिक्षण

**बहादुरगढ़।** बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ''छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना/'' विषय पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन डॉ. अनीता शर्मा और राजविंदर भिंडे ने शिक्षकों को छात्रों के व्यवहार, भावनात्मक जरूरतों और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा कर संवेदनशील और शिक्षण दृष्टिकोण अपनाने को प्रेरित किया। कार्यशाला में व्यावहारिक चर्चाओं, चिंतनशील गतिविधियों और वास्तविक जीवन के उदाहरणों से समझाया गया। छात्रों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता और जीवन कौशल विकसित करने की रणनीति सांझा की गईं।

### प्रमुख चौक-चौराहों और रिहायशी क्षेत्रों में पानी ही पानी

# दिनभर रुक-रुक कर हल्की बारिश जलभराव से जन-जीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार दिनभर रूक-रूक कर हल्की बारिश होती रही। जिसके कारण जन जीवन पूर्णतया प्रभावित रहा। लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अलसुबह से बारिश होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी नौकरी पेशा लोगों और स्कूल कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को हुई। जिन्हें अपने संस्थानों में पहुंचने में दिक्कतें हुई।

**बरसात के कारण बाजार का कारोबार ठप रहा**

उधर, बरसात के कारण मौसम सुहाना हो गया और वातावरण में ठंडक घुल गई। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। सोमवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। बरसात के कारण शहर के विभिन्न चौक चौराहों व रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव हो गया। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। हालांकि जलभराव की स्थिति पूरे शहर में ही रही, लेकिन अंबेडकर चौक, महाराजा अग्रसेन चौक, सीताराम गेट, भट्ठी गेट सहित तमाम क्षेत्रों में एक से डेढ़ फीट तक जलभराव हो गया। जिसके कारण दुपहिया वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानी हुई। इसके अलावा, प्रिया कॉलोनी, नीम आली कालोनी में हुए जलभराव के कारण भी यहां रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतें हुई। बरसात के कारण बाजार का कारोबार ठप्प रहा। बाजारों में अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजहीं ना के बराबर ही रही। लोग अपने घरों में दूबकने को मजबूर रहे और दुकानदार दिनभर ग्राहकों का इंतजार करते रहे।



**झज्जर।** शहर के महाराजा अग्रसेन चौक पर हुआ जलभराव। फोटो :हरिभूमि



**बहादुरगढ़।** बरसात व जलभराव के कारण टूटे बिजली के खंभे।

### डीसी ने किया औचक निरीक्षण

**झज्जर।** सोमवार सुबह बूंदाबांदी के बीच डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शहर की सफाई और जल निकासी व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गुरुग्राम रोड, सिलानी गेट, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, पुराना बस स्टैंड एरिया, शहीद भगत सिंह चौक, नया बस स्टैंड, बाईपास, राव मंगलीराम पार्क, महाराजा अग्रसेन चौक, शहीद कुलदीप चौक, बादली रोड होते हुए सब्जी मंडी एरिया, कोर्ट परिसर, लघु सचिवालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सफाई कार्य प्रतिदिन करने से ही शहर साफ सुथरा रहेगा। कूड़ा डंपिंग प्वाइंट्स की सफाई प्रतिदिन सुबह सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। नप अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि शहर में सुबह सफाई कार्य के समय फील्ड में रहें और नागरिकों से फीडबैक लेते हुए कार्य करवाएं।



**हाजिरी रजिस्टर चेक किए**

डीसी ने सुबह लघु सचिवालय स्थित सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। कार्यालयों के हाजिरी रजिस्टर चेक किए। गैर हाजिर मिले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के आदेश दिए।

### जाखोदा में जलभराव के साथ बिजली संकट

बहादुरगढ़। गांव जाखोदा में गहराई जलभराव की समस्या लोगों के लिए जी का जंजाल बन गई है। अब जलभराव वाले क्षेत्र में दो बिजली के खंभे टूट गए। इस वजह से कई मकानों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। जलभराव से जूझ रहे ग्रामीणों के सामने अब बिजली का संकट भी गहरा गया है। लोगों में प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। दरअसल, गांव के शिव मंदिर और सरकारी स्कूल वाली गली में लंबे समय से जलभराव की समस्या गहराई हुई है। जलभराव के कारण लोग घरों में कैद हैं। नजदीक ही स्कूल व एक मंदिर है। श्रद्धालुओं को मंदिर और विद्यार्थियों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है। सुबह के वक्त अचानक दो बिजली के खंभे टूट कर झुक गए। इस वजह से आपूर्ति ठप हो गई। ग्रामीणों ने कहा कि कई दिनों से जलभराव है। इसी वजह से खंभे टूटे हैं। बिजली कर्मियों को कॉल की तो उन्होंने सप्लाई रोकी लेकिन मरम्मत कार्य करने में वे भी बेबस हैं। कर्मचारी कहते हैं कि जब तक पानी नहीं निकलेगा, खंभे और तारें दुरुस्त नहीं की जा सकती। ग्रामीणों ने कहा कि इन्वर्टर डेड हो गए हैं। बिना लाइट के कैसे काम चलेगा। पानी बेहद ज्यादा भरा है। मकानों की नींव भी कमजोर हो रही है। पानी निकालने के लिए लगाई गई मोटर छोटी है। यह मोटर चौबीसों घंटे चलेगी तो भी पानी पूरी तरह से निकलने में काफी समय लग जाएगा। सरपंच से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही।

## कई शहरों में बीआरजी के धावक जीते, सम्मानित



**बहादुरगढ़।** दिल्ली में हुई दौड़ के बाद बीआरजी के विजेता धावक। फोटो :हरिभूमि

**फिटनेस, नशा-निरोध व अनुशासन के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली, हैदराबाद, सपीति, चंडीगढ़ और नोएडा में हुई मैराथनों में भाग लेकर बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप (बीआरजी) के धावकों ने शहर का नाम रोशन किया। आयोजकों ने विजेताओं को सम्मानित किया। धावकों ने फिटनेस, नशा-निरोध और अनुशासन के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

बीआरजी के संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित टफमैन हाफ मैराथन में बीआरजी के धावकों ने कई पदक जीतकर शहर का गौरव बढ़ाया। साढ़े 10 किलोमीटर दौड़ में संदीप ने 31–40 आयु वर्ग में प्रथम स्थान, शलभ खरे ने 41–50 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान और अशोक कुमार ने 51–60 आयु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। चंडीगढ़ में हुई लेक टू लेक अल्ट्रा मैराथन में नीरज छिल्लर ने 55 किलोमीटर दौड़ लगाकर ओपन कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। गुरदीप ने चौथा स्थान हासिल किया और पूनम देसवाल ने 55 किलोमीटर की कठिन दौड़ को सफलतापूर्वक पूरा किया। स्पीती वैली में हुई मैराथन में दीपक छिल्लर और डॉ किरण छिल्लर को एंबेसडर के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. इमरोज, परमिंदर, संगीता और डिंपल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की। नोएडा में आयोजित रन में 5 किलोमीटर के दौरान 45–55 आयु वर्ग राजेश ने द्वितीय और राजेंद्र पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शमशेर ने 55 प्लस आयु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

दस किलोमीटर दौड़ में ललिता पांडे तृतीय स्थान पर रही। धर्मवीर, देवेश, अमृत कौर, गुलाब सिंह, राजीव, विनित, सक्षम, अंजलि, कविता और किरण नरूला ने सफलतापूर्वक रन पूरी की। हैदराबाद में आयोजित फुल मैराथन में देवेंद्र किशोर प्रसाद और अमर नाथ ने सफलतापूर्वक दौड़ पूरी कर बीआरजी का परचम लहराया।

## सजगता और जागरूकता साइबर ठगी से बचने का सबसे प्रभावी तरीका : डीसीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

ऑनलाइन ठगी आज के डिजिटल युग में एक गंभीर समस्या बन गई है। जिससे व्यक्तिगत और वित्तीय सुरक्षा को खतरा है। ठग नए-नए तरीकों का इस्तेमाल करके लोगों को धोखा देते हैं, लेकिन सतर्कता और सावधानी बरतकर इनसे बचा जा सकता है। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया कि ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए सतर्कता, जागरूकता और उचित सुरक्षा उपाय अपनाना आवश्यक है। हमे व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के प्रति सजग रहना होगा। उन्होंने कहा कि कम समय में ज्यादा पैसे कमाने जैसे प्रलोभन में न आए, बिना पूरी जानकारी के किसी के पास भी पैसे न भेजें यह साइबर ठगो की चाल हो सकती है। किसी कारण ठगी का शिकार हो जाते हैं तो 1930 पर अपनी शिकायत करें।

***यह बचाव के तरीके अपनाएं***

*डीसीपी ने बताया कि अपने बैंक खातों से संबंधित कोई भी गोपनीय जानकारी किसी को न दें, आपके पास किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नंबर से कोई पार्ट टाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है तो आपको अच्छी तरह जांच पड़ताल करनी चाहिए। यदि शक हो तो उसको अनदेखा कर डिलीट कर देना चाहिए।*



**अमित दहिया, डीसीपी क्राइम झज्जर**

*उन्होंने कहा कि यदि आपके पास पार्ट टाइम जॉब का ऑफर आता है तो व्हाट्सएप या टेलीग्राम की बजाय मिलकर आमने सामने ही बात करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। मजबूत पासवर्ड बनाना, टू-स्टेप वेरिफिकेशन का इस्तेमाल करें। मोबाइल और ऐप्स को अपडेट रखें।*

## कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए डोर-टू डोर अभियान चलाना होगा : सुनीता

- आशा वर्कर्स यूनियन ने किया जागरुकता सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के चौधरी छोटूराम धर्मशाला में सोमवार को आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान किरण की अध्यक्षता में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का संचालन प्रवेश मातनहेल ने किया। यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष सुनीता ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाना होगा। सेमिनार में डॉक्टर नरेश दलाल, सीआईटीयू नेता रोहतास तलाव, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर और देवेंद्र समेत कई नेताओं ने विचार रखे। सेमिनार में अनीता, सुनील, मंजू और सुमन ने गीत प्रस्तुत कर कन्या भ्रूण हत्या रोकने का संदेश दिया। यूनियन की उप प्रधान प्रवेश, राज्य कोषाध्यक्ष अनीता व जिला प्रधान किरण ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या विरोधी अभियान को हर स्तर पर सहयोग मिलेगा। मौके पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान रमेश जाखड़, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला सचिव संदीप, ग्रामीण चौकीदार यूनियन जिला प्रधान राजेंद्र, सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता राजेंद्र जुलाना भी उपस्थित रहे।




**झज्जर।** कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरुक करतीं आशा वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

## रामकंवार सैनी ने फुले ट्रस्ट में दिए एक लाख 11 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बीजेपी सुशासन विभाग के जिलाध्यक्ष रामकंवार सैनी ने दिल्ली के सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले ट्रस्ट में 1 लाख 11 हजार रुपए का योगदान दिया। दिल्ली के मंगोलपुरी स्थित सैनी भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर रामकंवार सैनी ने ट्रस्टी के रूप में सदस्यता ग्रहण की। रामकंवार सैनी ने कहा कि उद्योग विहार में बना सैनी भवन समाज के सामूहिक उत्थान का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा-प्रगति का केंद्र भी बनेगा। उन्होंने बताया कि यहां सीईटी, यूपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों का पूरा खर्च संस्थान वहन करेगा। छात्रों के रहने, खाने और कोचिंग की पूरी व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की जाएगी। ट्रस्ट द्वारा मिले मान और सम्मान के लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। रामकंवार सैनी ने ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। मौके पर ऑल इंडिया सैनी समाज के प्रधान दिलबाग सैनी, महावीर सैनी, समय सिंह, राजेश सैनी, सूरज सैनी व नरेश सैनी आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** रामकंवार सैनी का स्वागत करते ऑल इंडिया सैनी समाज के प्रधान दिलबाग सैनी।

### बिजलीकर्मियों ने चौथे दिन भी दर्ज करवाया विरोध



**बहादुरगढ़।** ऑल हरियाणा वर्कर यूनियन के सिटी सब डिवीजन नंबर-1 प्रधान सुनील की अध्यक्षता में गेट मीटिंग कर विरोध जताने का क्रम चौथे दिन भी जारी रहा। पॉवर हाऊस, फील्ड व ऑफिस में स्टाफ की कमी को लेकर कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों को रेस्ट नहीं मिल पा रहा। मांगें पूरी होने तक प्रतिदित 1 घंटे का सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सोमवार को रवींद्र दलाल, प्रधान बिजेंद्र सैनी, यूनिट प्रधान उमेश, राकेश राकेश सोलंकी, कुलवंत, अनिल, दीपक, मधु, कुलदीप, हरीश, आरिफ, संजय, सोनू, ललित व मनोज आदि ने प्रदर्शन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## नन्हे-मुन्ने ने श्वेत दिवस कार्यक्रम में दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** श्वेत दिवस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


एमआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्री-नर्सरी से केजी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए श्वेत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या नेहा शर्मा ने कहा कि सफेद रंग शांति, पवित्रता और स्वच्छता का प्रतीक है। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी सफेद पोशाकों में स्कूल पहुंचे। उन्होंने कॉटन पेस्टिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया और सफेद रंग से संबंधित व्यंजनों जैसे खीर, चावल, दही, इडली, रसगुल्ला, केक आदि का स्वाद चखा। विद्यालय की निदेशिका संगीता कोडान ने बच्चों की की सराहना करते हुए उन्हें इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

## जियो फेंसिंग प्रणाली के विरोध में चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी 28 को उपवास करेंगे

- सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक सीएमओ कार्यालय के समक्ष उपवास के बाद सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति प्रणाली के विरोध में जिले के चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी आगामी 28 अगस्त को उपवास करेंगे। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी-कर्मचारी तालमेल कमेटी की वर्चुअल बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार यह उपवास राज्य के सभी सिविल सर्जन कार्यालयों के बाहर सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगा। इसके बाद चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा राज्यपाल व सरकार को ज्ञापन भी भेजा जाएगा। कमेटी के सदस्य डॉक्टर अनिल यादव, शर्मिला देवी, डॉक्टर कपिल शर्मा, अमित बूरा, जगदीप सिंह , विनिता बांगड़, रमेश दूहन, राममेहर वर्मा आदि ने बताया कि बीती आठ जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा गया था। तब मंत्री ने भरोसा दिया था कि कर्मियों को जियो फेंसिंग से उपस्थिति दर्ज करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। लेकिन विभागीय अधिकारी लगातार आदेश जारी कर कर्मचारियों पर दबाव बना रहे हैं और अवकाश व अन्य सुविधाएं रोककर प्रताड़ित कर रहे हैं। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि जब पहले ही बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की जा रही है तो जियो फेंसिंग का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आदेश वापस नहीं लिए गए तो वे 7 सितंबर को बैठक कर आंदोलन के अगले चरण की घोषणा करेंगे। बैठक में सिविल मेडिकल सर्विसेज, एनएचएम कर्मचारी संघ, डेंटल, नर्सिंग, फार्मेसी, लैब टेक्नीशियन, रेडियोलॉजी, ओटीए, मिनिस्ट्रीयल स्टाफ और स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ सहित कई संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।




**झज्जर।** वर्चुअल मीटिंग में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग अधिकारी-कर्मचारी तालमेल कमेटी सदस्य।

### सूरजमल वाली गली और धर्मपुरा की मेन गली में क्षतिग्रस्त हो चुकी थी पुलिया

# अब पुलिया बनने से मिलेगी राहत और दूसरी का नवनिर्माण कार्य शुरू

- चेयरपर्सन सरोज राठी ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ धर्मपुरा का दौरा करने पहुंचीं थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

धर्मपुरा की दो मुख्य गलियों की क्षतिग्रस्त पुलिया अब ठीक हो जाएंगी। एक पुलिया बना दी गई है और दूसरी के नवनिर्माण कार्य की शुरुआत हो गई है। दो दिन पहले चेयरपर्सन सरोज राठी ने मौका निरीक्षण किया था। अब पुलिया बन जाने के बाद वाहन चालकों व धर्मपुरा निवासियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बता दें कि धर्मपुरा की सूरजमल वाली गली से प्रतिदिन हजारों लोग शहर की तरफ आवागमन करते हैं। गाड़ियों के अत्यधिक दबाव और घटिया गुणवत्ता के कारण इस गली में पुराने नजफगढ़ रोड के किनारे पर स्लैब अक्सर टूटकर नाले में गिर जाती थी। ऐसे में अब यहां पक्की पुलिया बना दी गई है।

वहीं लक्की स्पोर्ट्स के साथ धर्मपुरा की मेन गली की एंट्री भी खस्ताहाल थी। अब इस पुलिया के नवनिर्माण का काम शुरू हो गया है। दरअसल, शहर के धर्मपुरा में जलनिकासी व्यवस्था लगभग ठप है। सीवर और नालियां उफन रहे हैं। गलियों में सीवर का गंदा पानी बीमारियां फैलने की प्रमुख वजह बन रही है। जगह-जगह से गलियां धंस रही हैं। डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की गाड़ी नहीं आने से गंदगी फैली रहती है। बिजली की तारें लटकी रहती हैं और हादसा होने का भय बना रहता है।

इन सभी समस्याओं को लेकर स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी को मौका देखने बुलाया।



**बहादुरगढ़।** सूरजमल वाली गली के मुहाने पर बनाई गई सीसी पुलिया।



**बहादुरगढ़।** धर्मपुरा की मेन गली की एंट्री पर शुरू हुआ पुलिया निर्माण।

**दो दिन में ही कार्रवाई**

शुक्रवार को चेयरपर्सन अधिकारियों के साथ धर्मपुरा का दौरा करने पहुंची। यशपाल गांधी, रिंकू भाटिया, प्रमोद पाहवा, सुनील खुराना, रिंकू चुघ, विजय पुनहानी, रिंकू सलूजा, साक्षी मदान, किरण गांधी, शशि परूथी, ऊषा पुनहानी, नीलम व शीबा चुघ आदि तमाम समस्याएं उनके समक्ष उठाते हुए समाधान की गुहार लगाई। चेयरपर्सन राठी ने आश्वस्त किया था कि उनकी सभी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। उनके निरीक्षण के दो दिन उपरांत ही पुलियों के निर्माण का काम शुरू हो जाने से लोगों को राहत मिलेगी।